**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **337** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **3 फरवरी**, 2023/14 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

**चेन्नई पत्तन पर किए गए कार्य**

**†337. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान चेन्नई पत्तन पर किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास विगत दशक में चेन्नई पत्तन की तुलना में कृष्णापटनम पत्तन पर किए गए विकास कार्यों की गति से संबंधित आंकड़े हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या मंत्रालय का निकट भविष्य में ऐसे आंकड़े एकत्र करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) भारत के पूर्वी तट पर कुल कितनी निजी रूप से संचालित और सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) वाली परियोजनाएँ हैं और इनका राज्य और संघ राज्यक्षेत्र-वार संवितरण कितना है;

(ङ) क्या सरकार के पास भारत के पूर्वी तट पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत नए निजी पत्तन शुरू करने का कोई प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** विगत पांच वर्षों के दौरान चेन्नै पत्तन प्राधिकरण द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

**(ख) और (ग):** कृष्णपट्टणम पत्तन एक गैर-महापत्तन है, जो राज्य समुद्री बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आता है।

**(घ):** भारत के पूर्वी तट पर स्थित महापत्तनों की सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं की राज्य-वार कुल संख्या निम्न तालिका में दी गई है:-

| राज्य | पत्तन | दिनांक 31.01.2023 के अनुसार मंत्रालय द्वारा अनुमोदित पीपीपी परियोजनाओं की कुल संख्या |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन प्राधिकरण | 6 |
| ओडिशा | पारादीप पत्तन प्राधिकरण | 9 |
| आंध्र प्रदेश | विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण | 9 |
| तमिलनाडु | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण | 2 |
| | कामराजार पत्तन प्राधिकरण | 9 |
| | वी.ओ.चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण | 7 |
| **कुल** | | **42** |

**(ङ) और (च):** जी, नहीं।

# चेन्नै पत्तन प्राधिकरण

**अनुबंध**

पिछले पांच वर्षों के दौरान चेन्नै पत्तन प्राधिकरण द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों का विवरण

| **क्र .सं.** | **परियोजना का नाम** | **निवेश (करोड़ रुपये)** | **उपलब्धि/ प्रगति** |
|---|---|---|---|
| **(i)** | **पूरी की गई परियोजनाएं** | | |
| 1 | पत्तन के अंदर कॉमन रेलवे यार्ड का विकास | 19.68<br>(वित्त पोषण: आंतरिक संसाधन) | फरवरी, 2018 को पूरा किया गया |
| 2 | चेन्नै पत्तन में तटीय बर्थ का विकास। | 80<br>(वित्तपोषण: स्वीकृत जीबीएस: सागरमाला के तहत रु. 30 करोड़। शेष आंतरिक संसाधन) | नवंबर, 2019 को पूरा किया गया |
| 3 | जेडी4 और जेडी6 का सुदृढ़ीकरण (जेडी4 और जेडी6 के हिस्सों के शेष कार्यों के आधुनिकीकरण के रूप में नामकरण और जेडी4 और जेडी6 के पास ड्रेजिंग) | 7.36<br>(वित्त पोषण: आंतरिक संसाधन ) | नवंबर, 2019 को पूरा किया गया |
| 4 | चेन्नै एन्नोर पत्तन सड़क संपर्कता परियोजना (पूर्व में ईएमआरआईपी) | 600 | मार्च, 2022 को पूरा किया गया |

| **क्र .सं.** | **परियोजना का नाम** | **निवेश (करोड़ रु.)** | **उपलब्धि/ प्रगति** | **टिप्पणियों** |
|---|---|---|---|---|
| **(ii)** | **कार्यान्वयन के अधीन परियोजनाएं** | | | |
| 5 | चेन्नै पत्तन पर बंकर बर्थ का निर्माण। | 44<br>(वित्त पोषण: स्वीकृत | कार्यान्वयन के अधीन | भारथी डॉक पर 183 मीटर लंबे बंकर बर्थ और एक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | जीबीएस: सागरमाला के तहत 22 करोड़ रुपये, शेष आंतरिक संसाधन) | | पाइपलाइन ट्रेस्टल का निर्माण प्रगति पर है और 1 एमएमटीपीए की क्षमता के साथ 10000 डीडब्ल्यूटी तक के बंकर टैंकरों की हैंडलिंग को सक्षम बनाना। |
| 6 | निर्यात कार्गो की हैंडलिंग के लिए पक्के स्टोरेज यार्ड का विकास | 54.00 (वित्त पोषण: स्वीकृत जीबीएस: सागरमाला के तहत 27 करोड़ रुपये, शेष आंतरिक संसाधन) | कार्यान्वयन के अधीन | ओएनबी यार्ड, जेडी (पूर्व) और जेडी (दक्षिण) में कुल 11.32 हेक्टेयर के पक्के कंक्रीट यार्ड का निर्माण मई, 19 में पूरा हुआ और सहायक कार्य सितंबर, 2020 में पूरे हुए। शेष कार्य "ओएनबी यार्ड और जेडी (पूर्व) बैकअप क्षेत्र में फुटपाथ और रेलवे ट्रैक बिछाने का कार्य" मई 2023 तक पूरा करने के लिए निर्धारित है। |
| 7 | जोलारपेट में माल शेड का विकास | 6.71 | कार्यान्वयन के अधीन | मार्च, 2023 तक पूरा होना अनुमानित। |
| 8 | चेन्नै पत्तन में टिंबर पोंड में ड्राई डॉक का विकास और बोट बेसिन का मरीना पर विकास। | पट्टे की राशि- 99 वर्षों के लिए 616.51 करोड़ रु. (संपत्ति के लिए एकमुश्त भुगतान सहित) | आईसीजी को पट्टे पर दी गई | भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) को 99 वर्षों के लिए दीर्घकालिक पट्टे के आधार पर अपने कोष के माध्यम से ड्राईडॉक सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव किया गया है। |
| **क्र .सं.** | **परियोजना का नाम** | **निवेश (करोड़ रु.)** | **उपलब्धि/ प्रगति** | **टिप्पणियां** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | मप्पेडु, चेन्नई में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास | 1423.50 | कार्यान्वयन के अधीन | मप्पेडु में एमएमएलपी को एसपीवी, चेन्नै एमएमएलपी प्रा.लि. द्वारा प्रशासित किया जाएगा, जिसमें एनएचएआई/ एनएचएलएमएल, सीएचपीए, जीओटीएन/ टीआईडीसीओ और आरवीएनएल शामिल हैं। कुल भूमि क्षेत्र: 251.309 एकड़ (रेल संपर्कता सहित)। चेन्नै पत्तन अपनी इक्विटी योगदान के लिए 120.46 एकड़ की पट्टे की भूमि का प्रस्ताव दे रहा है।<br><br>एमएमएलपी का पहला चरण मार्च, 2025 तक शुरू होने की उम्मीद है। |
| | **कवर्ड भंडारण क्षेत्र का विस्तार** | | | |
| 10 | जेडी I, जेडी II और जेडी V (उत्तर) ट्रांजिट शेड का नवीनीकरण | 4.41 | कार्यान्वयन के अधीन | अप्रैल, 2023 तक पूरा होना निर्धारित |
| 11 | ई1 और ई4 गोदाम का नवीनीकरण | 5.32 | कार्यान्वयन के अधीन | मई, 2023 तक पूरा होना निर्धारित |
| 12 | सीबी, डब्ल्यूक्यू III और IV ट्रांजिटशेड का नवीनीकरण | 9.80 | कार्यान्वयन के अधीन | अगस्त, 2023 तक पूरा होना निर्धारित |
| 13 | हैवी वर्क शोप के वेस्टर्न शेड के लिए नई स्टील ट्रस रूफिंग प्रणाली | 4.61 | कार्यान्वयन के अधीन | अगस्त, 2023 तक पूरा होना निर्धारित |
| | **हरित पत्तन पहलें** | | | |
| 14 | नेपियर ब्रिज पर 40केएलडी की एसटीपी क्षमता का निर्माण | 0.80 | कार्यान्वयन के अधीन | मार्च, 2023 तक पूरा होना निर्धारित । |
| 15 | ईई (सी) सीडीआई प्रभाग कार्यालय परिसर में 90 केएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण | 1.57 | कार्यान्वयन के अधीन | पूरा होने की अनुमानित अवधि: 210 दिन।<br>ओ एंड एम अवधि: 5 साल। |
| | **अन्य कार्य** | | | |
| 16 | 'ई' परिसर के पीछे गोदाम परिसर और खतरनाक कार्गो ड्रेन के बीच तटीय सड़क को पक्का करना | 3.00 | कार्यान्वयन के अधीन | 30.04.2023 तक पूरा किया जाना अनुमानित |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | टोंडियारपेट हाउसिंग कॉलोनी में क्वार्टर और अन्य संरचना में सुधार | 11.09 | कार्यान्वयन के अधीन | जुलाई, 2023 तक पूरा होना अनुमानित |
| **(iii)** | **विकास के अधीन** | | | |
| 18 | चेन्नै पत्तन से मदुरावोयल तक नई चार लेन एलिवेटिड रोड | 6076 | विकास के अधीन | दिनांक 16.05.2022 को तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री और एमओआरटीएच के माननीय मंत्री की उपस्थिति में एनएचएआई, जीओटीएन, सीएचपीए और भारतीय नौसेना के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।<br><br>13 रैंप और विशेष कॉरिडोर के साथ चेन्नै पत्तन को जाने वाले कार्गो वाहनों के लिए चेन्नै पत्तन से/ को मदुरावोयल से/ तक डबलडेक एलिवेटेड रोड ।<br>दिसंबर, 2025 तक पूरा किया जाना अनुमानित |
| 19 | चेन्नै पत्तन में बर्थ संख्या 24बी (बीडी ।।) के बैकअप क्षेत्र में ट्रेलरों/ट्रकों के लिए बफर पार्किंग यार्ड का विकास | 52.85 | विकास के अधीन | 350 लदे/खाली कंटेनर ट्रेलरों और सुविधाओं सहित ट्रकों की पार्किंग के लिए 84000 वर्ग मीटर की सीमा में बर्थ नंबर 24बी (बीडी ।।) पर बैकअप क्षेत्र में ट्रेलरों/ट्रकों के लिए बफर पार्किंग यार्ड का विकास ।<br><br>मार्च 2024 तक परियोजना के पूरा होने और प्रारंभ होने की उम्मीद है। |

*****